Headline: Dream project of Modi…New International Stock Exchange to come up	
Source: Patrika	**Date:** 8 December 2016

मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट...

बनेगा नया इंटरनेशनल एक्सचेंज, डॉलर में कारोबार, मिलेगी टैक्स छूट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर में एक अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज बनेगा। गिफ्ट सिटी में इस इंटरनेशनल एक्सचेंज का निर्माण नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) कर रहा है, जो देश का सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है। नए एक्सचेंज का नाम एनएसई-आईएफएससी होगा। इसको रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज़ से प्रमाण पत्र भी मिल गया है। इस पर एनएसई का 100 फीसदी स्वामित्व होगा। दुनिया के टॉप फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर की तर्ज पर यहां डॉलर में कारोबार होगा और कंपनियों को कर छूटें मिलेंगी।

क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन

एक्सचेंज पर कारोबार में सहायता के लिए आवश्यक क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन भी बनाया जा रहा है, जिसका नाम एनएसई-आईएफएससी क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन होगा। इस क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन को भी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज से प्रमाण पत्र मिल चुका है। इसकी राह और साफ हो गई है।

पहुंच-प्रभाव बढ़ाने के लिए रोड-शो

नए अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज के लिए इस महीने रोड-शो आयोजित किए जाएंगे। जानकारों के अनुसार सिंगापुर जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में भी रोड-शो आयोजित होंगे। इनके माध्यम से विदेशी निवेशकों और विभिन्न सेक्टर में काम कर रही कंपनियों को इस एक्सचेंज पर कारोबार करने के लाभ से परिचित कराया जाएगा। नए एक्सचेंज और क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन के लिए नए लोगों की भर्ती के साथ ही एनएसई के अधिकारी भी प्रतिनियुक्ति पर काम करेंगे।

आईएफएससी की होगी स्थापना

28 नवंबर को सेबी ने इंटरनेशनल फाइनेंशियल सर्विसेज़ सेंटर (आईएफएससी) में एक्सचेंज और क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन की स्थापना से संबंधित नियमावली जारी की है। इसके अनुसार, कृषि के लिए डेरिवेटिव उत्पादों के अलावा अन्य उत्पाद एक्सचेंज लॉन्च किए जा सकते हैं।

करंसी, कमोडिटी, इक्विटी डेरिवेटिव पर फोकस

पूंजी बाजार के पंडितों का मानना है कि तेजी से चल रही तैयारियों से लगता है कि देश का यह नया इंटरनेशनल एक्सचेंज जनवरी 2017 में काम करना शुरू कर सकता है। लॉन्चिंग के प्रथम चरण में करंसी, कमोडिटी और इक्विटी डेरिवेटिव सेग्मेंट के उत्पादों में कारोबार शुरू करने की तैयारी है।

सेबी से अभी नहीं ली इसकी अनुमति

एनएसई-आईएफएससी के लिए एसईज़ेड अथॉरिटी, गिफ्ट सिटी अथॉरिटी और सेबी जैसे नियामकों से अनुमति ली जा रही है। सेबी द्वारा नियमावली जारी किए जाने के बाद नए अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज की स्थापना के लिए आवेदन करने वाला पहला एक्सचेंज एनएसई होगा। एनएसई से जुड़े सूत्रों के अनुसार इन दोनों कंपनियों के लिए आगामी कुछ दिनों में सेबी से अनुमति के लिए आवेदन किया जाएगा।